**मध्य प्रदेश में नवोदय विद्यालयों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के छात्र**

922. **श्री अजीत जोगी** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में नवोदय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों में से कितने प्रतिशत छात्र अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अल्पसंख्यक वर्ग के हैं;

(ख) क्या यह प्रतिशत मध्य प्रदेश में उनकी संख्या से मेल खाता है;

(ग) क्या सरकार ने उनके प्रवेश के लिए कोई न्यूनतम आरक्षण प्रतिशत निर्धारित किया था; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही)** : (क) नवोदय विद्यालय योजना में केवल अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की श्रेणियों के लिये ही आरक्षण का प्रावधान किया गया है अतः इन्हीं वर्गों से सम्बन्धित आंकड़े रखे जाते हैं । अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों से संबंधित क्रमशः 20.9 प्रतिशत तथा 13.9 प्रतिशत छात्र मध्य प्रदेश में विभिन्न नवोदय विद्यालयों में पढ़ रहे हैं ।

(ख) से (घ) नवोदय विद्यालय योजना में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों के पक्ष में सीटों का आरक्षण संम्बन्धित जिले में उनकी जन संख्या के अनुपात में करने की व्यवस्था है बशर्ते कि किसी भी जिले में ऐसे आरक्षण राष्ट्रीय औसत से कम नहीं होना चाहिए । यदि इन दोनों वर्गों में से एक वर्ग के बच्चे पर्याप्त संख्या में अर्हता प्राप्त नहीं करते हैं तो दोनों वर्गों के बीच स्थानों का अन्तः विनिमय करना संभव होगा। परीक्षण तकनीकों में आवश्यक सुधार भी किए गये हैं ताकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को उनके लिए निर्धारित आरक्षण के अनुसार नवोदय विद्यालयों में प्रवेश को सुनिश्चित किया जा सके । मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के वर्गों से संबंधित विद्यार्थियों की प्रतिशतता राष्ट्रीय औसत से क्रमशः 15 प्रतिशत तथा 7.1/2 प्रतिशत अधिक है ।

**मध्य प्रदेश में महिलाओं के लिये पालीटेकनीक कालेज का स्थापित किया जाना**

923. **श्री अजीत जोगी** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में महिलाओं के लिए अलग से पालीटेकनीक कालेज स्थापित किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा कोई प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार के पास भेजा गया है; और

(घ) यदि हां, तो उस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही)** : (क) से (घ) मध्य प्रदेश सरकार ने चार महिला पालिटेक्नीक की स्थापना के लिए प्रस्ताव भेजे हैं । अन्य राज्यों से प्राप्त इसी प्रकार के प्रस्तावों के साथ ये प्रस्ताव भी विचाराधीन हैं।